तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 9 नवम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 लालच में आकर किसी को न दें अपना अकाउंट नंबर : एसएसपी



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### विवि ने 15 तक बढ़ाई ऑनलाइन नामांकन की तिथि

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि ने स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए नामांकन की तिथि 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। विवि द्वारा पूर्व में ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तिथि 7 नवम्बर निर्धारित की गई थी। आधार की त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपना पंजीयन नहीं करा पा रहे थे तथा आधार में सुधार कराने के लिए नामांकन तिथि बढ़ाने का अनुरोध कर रहे थे। छात्र-छात्राओं के अनुरोध पर विवि प्रबंधन ने ऑनलाइन नामांकन की तिथि 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 15 नवम्बर तक अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। कॉलेजों में पावती एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर निर्धारित की गई है।

### पिता के साथ हुआ विवाद तो पुत्र की बेदम पिटाई

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम भडारपारा निवासी राकेश यादव आ. लगनधारी यादव गत दिन सुबह गांव के ही राम नारायण बरगाह के घर के समीप खड़ा था। इसी दौरान राम नारायण बरगाह ने राकेश के पिता के साथ पूर्व में हुए विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए राकेश की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### भैंस के लड़ने पर भतीजे ने की चाचा से मारपीट

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बडे दमाली जुनापारा निवासी गीता प्रसाद यादव आ. रामनाथ यादव गत दिन 11 बजे अपने 7 भैंस को चराने लखु चिटकाही के खेत के पास लेकर गया था। इसी दौरान भतीजा संतोष यादव भी अपने तीन भैंस को लेकर पहुंचा। इसी बीच गीता प्रसाद का एक भैंस भतीजे संतोष के भैंस से लड़ने लगा। जिसे देख भतीजे ने नाराज होकर चाचा के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना की रिपोर्ट पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोप के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## 20 को राष्ट्रपति का दौरा प्रस्तावित

# टेंडर होने के बाद भी शुरू नहीं हुआ एनएच पर पैच रिपेयरिंग का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- शहर के बीच से होकर गुजरती है राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कें
- 8 करोड़ रुपए का हुआ है टेंडर

शहर वासियों को फिलहाल एनएच की सड़कों से उड़ने वाली धूल से मुक्ति नहीं मिलने वाली है। एनएच में पैच रिपेयरिंग के काम का टेंडर होने के बाद भी ठेकदार ने काम शुरू नहीं किया है। बड़ी बात यह है कि 10 दिनों बाद सरगुजा में राष्टपति का आगमन होने वाला है और सड़क मार्ग से ही पीजी कॉलेज मैदान तक पहुंचेंगी। ऐसे में सड़कों के मरम्मत का काम समय पर शुरू नहीं होना भी सवालों को जन्म दे रहा है।

दरअसल शहर की प्रमुख व्यावसायिक सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीन आती है। शहर के एमजी रोड से घड़ी चौक, देवी गंज रोड, सदर रोड होते हुए भारत माता चौक से दरिमा मोड़ तक एनएच 43 की सड़क गुजरती है और बारिश के कारण शहर के बीच मौजूद एनएच के इन सड़कों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। शहर के बीच मौजूद व्यावसायिक मार्ग की सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे है जबकि एमजी रोड में गांधी चौक तक व भारत माता चौक से दरिमा मोड़ के बीच सड़कों की हालत काफी खराब है। सड़कों पर बने गड्ढों के कारण लोगों को बारिश के समय खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा जबकि अब बारिश खत्म होने के बाद सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए एनएच विभाग द्वारा गिट्टी, स्टोन डस्ट का उपयोग किया गया है लेकिन इससे शहर वासियों की परेशानी बढ़ गई है। वाहनों के चलने से उड़ने वाली धूल के कारण लोगों को परेशानी हो रही है इसके साथ ही सड़क से उड़ने वाली धूल लोगों के दुकान और घरों में घुस रही है। बड़ी बात यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों के पैच रिपेयरिंग के लिए 8 करोड़ रुपए का टेंडर किया गया है लेकिन टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी अब तक ठेकेदार ने सड़कों पर डामरीकरण का काम शुरू नहीं किया है। डामरीकरण का काम शुरू नहीं होने से लोगों को गड्ढे और धूल वाली सड़क से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। बता दें कि 8 करोड़ रुपए की राशि से शहर के बीच की एनएच की सड़कों के साथ ही संभाग में एनएच 43 की जशपुर, मनेन्द्रगढ़, सूरजपुर, सहित एनएच 130 की सड़कों पर पैच रिपेरिंग की जानी है।

इस संबंध में एसडीओ एनएच निखिल लकडा ने बताया कि पैच रिपेरिंग का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। हमने ठेकेदार के साथ जाकर सड़कों का निरीक्षण कर लिया है। एमजी रोड और दरिमा रोड को प्राथमिकता में रखा गया है। सभी सड़कों के पैच रिपेयरिंग का काम पूर्ण होगा।



बीच शहर से गुजरता जर्जर एनएच।

### पहले एमजी रोड में होगा मरम्मत

बताया जा रहा है कि एनएच द्वारा पैच रिपेयरिंग का काम शुरू करने के बाद भी सबसे पहले एमजी रोड और भारत माता चौक से दरिमा रोड की सड़क पर मरम्मत का काम किया जाएगा। ऐसा इस लिए क्यों कि 20 नवम्बर को राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू का दौरा प्रस्तावित है। राष्ट्रपति गांधी स्टेडियम में लैंड करने के बाद सड़क मार्ग से पीजी कॉलेज तक जाएंगी। इसके साथ ही दरिमा एयरपोर्ट से भी अतिथियों का आवागमन होगा। ऐसे में इन सडको के पैच रिपेयरिंग को पहले प्राथमिकता दी जाएगी और इन सड़कों का काम पूर्ण होने तक बीच शहर के लोगों को डामरीकरण कार्य के लिए इन्तजार करना होगा।

# पड़ोसी के बहकावे में आकर मायके गई महिला तो पति ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सनकी युवक ने अपनी गर्भवती पत्नी की बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी युवक पत्नी के नाराज होकर मायके जाने से आक्रोशित था। आरोपी ने महिला की तब तक पिटाई की जब तक उसकी मौत नहीं हुई। मारपीट के दौरान महिला लगातार अपने गर्भवती होने की जानकारी देते रही लेकिन आरोपी ने उसकी सुनवाई नहीं की। अब इस मामले में जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जजगा कठरापारा निवासी 30 वर्षीय राजू दास आ. बन्नू दास घर में किराने की दुकान चलाता है। उसके इस काम मे उसकी पत्नी मन बसिया माझी भी हाथ बंटाया करती थी जिससे उसने प्रेम विवाह किया था। इसके बाद भी नशे का आदी राजू नशे में आकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट किया करता था। घटना के दिन राजू दास किसी काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। जब वो वापस घर आया तो उसकी पत्नी घर में नहीं थी और घर का दरवाजा भी आगे पीछे से खुला हुआ था। आसपास पता लगाने के बाद पता चला कि पड़ोसी महिला के बहकावे में आकर उसकी पत्नी अपने मायके चली गई है। दरअसल राजू का अपने पड़ोस में रहने वाले पड़ोसी से अनबन हो गया था जिसकी वजह से जब भी राजू कही बाहर जाता पड़ोस की महिला आकर उसकी पत्नी को बहका देती थी। जिसके बाद राजू की पत्नी घर छोड़कर अपने मायके चली जाती थी। घटना के दिन भी यही हुआ था पड़ोसी महिला के बहकावे में आकर राजू की पत्नी मनबसिया माझी अपने मायके कोट रनईटिकरा चली गई थी। पड़ोसी के बहकावे में पत्नी के मायके जाने की जानकारी मिलते ही आक्रोशित राजू पत्नी के घर पहुंचा और समझाकर अपने साथ घर ले आया लेकिन घर आते ही पड़ोसी के बहकावे में आकर मायके जाने की बात को लेकर उसने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान सात माह की गर्भवती पत्नी पेट मे पल रहे बच्चे की दुहाई देकर अपनी जान की भीख मांगती रही लेकिन पति का दिल नहीं पसीजा। पति तब तक डंडे से पीटता रहा जब तक उसकी पत्नी की जान न निकल गई। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका की लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना फरार चल रहे आरोपी को घेराबंदी कर पत्थलगांव से हिरासत में लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



- गर्भवती पत्नी की डंडे से पीटा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# मदनपुर व पण्डोनगर के बीच गैस गोदाम के स्थल चयन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- बिना आबादी वाली सुनसान जगह पर गैस गोदाम बनाने की कर रहे मांग

ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के बीच जगह पर प्रस्तावित गैस गोदाम परियोजना को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है, सर्वप्रथम पण्डो समाज की जमीन अधिग्रहण की कोशिश ने क्षेत्र में हलचल मचाई थी और अब सिलफिली महाविद्यालय के बगल में भारत पेट्रोलियम की गैस गोदाम बनाने की तैयारी से ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है।

राजस्व विभाग द्वारा भूमि के नापजोख की प्रक्रिया का ग्रामीणों ने विरोध कर आज गांव में विशेष बैठक बुलाकर फैसला लिया गया है कि यदि प्रशासन द्वारा जबरन गैस गोदाम हेतु भूमि यहां पर आबंटित की जाएगी तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है कि शुक्रवार को लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा व पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम प्रस्तावित गैस गोदाम के चिन्हित स्थल का सीमांकन कार्य हेतु मौके पर पहुंची थी,यहां पर ग्रामीणों की आपत्ति पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार के अलावा राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी विनोद सिंह व अन्य अधिकारी मौके से लौट गए थे, जिस पर शनिवार को ग्राम मदनपुर में विशेष बैठक जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव व मदनपुर सरपंच पति प्रकाश अगरिया की उपस्थिति में बुलाई गई,जिसमें सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में प्रस्तावित गैस गोदाम के चिन्हित स्थल पर गैस गोदाम निर्माण की स्वीकृति पर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है,ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी और संवेदनशील परियोजना को घनी आबादी व शैक्षणिक संस्थानों के बीच स्थापित करना भविष्य के लिए बड़ा खतरा होगा,गौरतलब है कि ग्राम पंचायत मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य एनएच 43 किनारे संचालित शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के बाजू में स्थित खसरा नंबर 142, 143, 144, 145, 147 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भूमि को भारत पेट्रोलियम के गैस गोदाम निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया गत दिनों पूर्ण की गई है,प्रस्तावित गोदाम स्थल के समीप ही सिलफिली महाविद्यालय के अलावा पार्वती बीएड कॉलेज और कई सरकारी व निजी स्कूल स्थित हैं, प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं,ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां सरगुजा संभाग के पांचों जिला हेतु गैस सिलेंडर का भंडारण केंद्र स्थापित हुआ तो किसी भी समय छोटी सी चूक एक भयावह हादसे का कारण बन सकती है,ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे पढ़ाई के लिए कॉलेज और स्कूल जाते हैं, वहां उनके सिर पर हमेशा खतरा मंडराता रहेगा। लोगों का मानना है कि गैस गोदाम के आसपास अक्सर रिसाव, आगजनी और धमाके जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है,यदि ऐसी कोई घटना घटित हुई तो न सिर्फ संपत्ति का नुकसान होगा,बल्कि सैकड़ों जिंदगियां भी खतरे में पड़ सकती हैं,भीड़भाड़ वाले इलाके और शैक्षणिक संस्थानों के बीच ऐसा प्रोजेक्ट पूरी तरह असुरक्षित है,इस गोदाम गांव से दूर, बिना आबादी वाले सुनसान जगह पर निर्माण कराना चाहिए।पूरा गांव इस प्रोजेक्ट के खिलाफ लामबंद हो चुका है।

लोगों ने साफ कहा कि वे संगठित होकर विरोध करेंगे और यदि जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन का रास्ता भी अपनाए जाने के साथ ही उच्च न्यायालय की शरण में भी जाएंगे, मामले में लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने बताया कि गैस गोदाम हेतु स्थल चयन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है,यहां पर अब सोमवार को पुनः पुलिस बल व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सीमांकन कार्य को पूर्ण कराने का कार्य किया जायेगा।



# नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत का युवक कांग्रेस ने लड्डुओं से तौलकर किया स्वागत

- कार्यकर्ताओं से की भेंट मुलाकात

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.चरण दास महंत एक दिवसीय प्रवास पर सूरजपुर पहुंचे। जहां स्थानीय अग्रसेन चौक पर युवक कांग्रेस के द्वारा उन्हें लड्डुओं से तौलकर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ युवा पनिका संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डॉ. महंत ने युवक कांग्रेस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय के बाद सूरजपुर आना हुआ है। उन्होंने राजनीति में युवाओं को आगे आने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजनीति की दशा और दिशा बदलने के लिए युवा शक्ति को सदैव आगे रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने सूरजपुर से जुड़ी पुरानी यादों को भी ताजा किया और पुराने कांग्रेस नेताओं को याद किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. महंत पनिका समाज के रियासत कालीन शिक्षक व समाजसेवी रतिराम पनिका की 41वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिरकत करने पहुंचे थे। रंगमंच में आयोजित बड़े सामाजिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व उड़ीसा से पहुंचे सामाजिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्व. रतिराम को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पूर्व स्थानीय न्यू सर्किट हाउस में पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी भेंट मुलाकात कर प्रेस को भी संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत उन्होंने पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिहारी कुलदीप के निवास पर भी पहुंचे। रामानुजनगर होते हुए प्रेमनगर नगर पंचायत उपाध्यक्ष आलोक साहू के निवास पर भी पहुंच भेंट मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक खेलसाय सिंह, पारसनाथ राजवाड़े, इस्माईल खान, संजय डोसी, जीएस मिश्रा, नरेश राजवाड़े, मेहंदी यादव, सुनील अग्रवाल, विनय मिश्रा, संजू श्रीवास्तव, नवीन जायसवाल, त्रिभुवन सिंह, परमेश्वर राजवाड़े, विक्की समद्दार, कुंदन विश्वकर्मा, मेही साहू, शांतू डोसी, . हुसैन, गिरधारी साहू, पवन साहू, अजय सोनवानी, संतोष पावले, पारसनाथ राजवाड़े, राहुल साहू, तनवीर आलम, बिहारी कुलदीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता स्थानीय अग्रसेन चौक सहित आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित रहे।



# अर्धनग्न कर मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर


- सिंघल क्रेसर प्लांट के मुंशी समेत अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज, फरार आरोपियों की तलाश जारी, वायरल वीडियो के बाद हुई कार्रवाई

डीजल चोरी की शंका पर कर्मचारियों को अर्धनग्न व हाथ पैर बांधकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस घटना में पुलिस ने सिंघल क्रेसर के मुंशी, कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथी ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे है जिनकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही है।

बता दें कि 6 नवम्बर की देर शाम एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था जिसमें कुछ लोग बंद कमरे में युवक को हाथ पैर बांधकर अर्धनग्न अवस्था में मारपीट कर रहे है। युवक को जमीन पर लिटाकर जूते से मारा और कुचला जा रहा है। इसके साथ ही एक अन्य कर्मचारी को अर्ध नग्न अवस्था में रखा गया है और मारपीट की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया था। वीडियो सामने आने के बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान मार खाने वाले युवकों की पहचान बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम बघिमा निवासी 25 वर्षीय विनोंद सारथी आ. बलदेव सारथी और 30 वर्षीय अरुण शर्मा आ. बाबूलाल शर्मा के रूप में की गई। पुलिस ने जब युवकों से पूछताछ की तो पता चला कि वे सिंघल क्रेसर प्लांट में काम करते है। इस दौरान 4 नवम्बर की सुबह 8 बजे बिनोद सारथी और वरुण शर्मा भिलाईखुर्द सहित सिंगल क्रेसर प्लांट गए हुए थे इसी दौरान सुबह 10-11 बजे के बीच सिंघल क्रेसर के मुंशी संजय प्रधान व उसके साथी डॉक्टर, रविशंकर, जेपी यादव, मोनू दास, रामलाल, दीपक अग्रवाल व अन्य साथियों ने मिलकर उनके पकड़े उतरवाए और चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की। मारपीट की पुष्टि होने पर पुलिस ने इस मामले में फिलहाल सूरजपुर के लटोरी अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर निवासी 22 वर्षीय रविशंकर यादव आ. दलगर यादव, बरियों भिलाईखुर्द निवासी 35 वर्षीय आनंद बिसी आ. पाण्डव बिसी, ग्राम बादा निवासी 38 वर्षीय मनोज यादव आ. रामलखन यादव व धौरपुर पडौली निवासी अनिल कुमार आ. गोविन्द राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को बीएनएस की धारा 127(2), 296, 351 (2), 191(2), 191 (3) व 3 (2) वीक, 3-1, द, ध एसी-एसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में एसडीओपी इमानुएल लकड़ा, चौकी प्रभारी बरियों रविन्द्र प्रताप सिह, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, विजय गुप्ता, आरक्षक जगनाथ केराम, सुरेन्द्र रवि, ईश्वर मरावी, अजय टोप्पो सक्रिय रहे।



MARK OF EXCELLENCE
अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान



LIVE LIFE UP TO THE MARK
• अल्जाइमर रोग • पार्किंसन्स • शरीर में कम्पन
• माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना) • नसों की दिक्कत • मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
• साइटिका • सिर दर्द • मायस्थेनिया ग्रेविस
• पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक) • स्पाइनल कॉर्ड • मानसिक बीमारी (ब्रेइन्फेक्शन)
• मिरगी रोग • माँसपेशियों की कमज़ोरी • मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)
• EEG • EMG • NCV की सुविधा
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

**खबर संक्षेप**



## गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष बने आशीष केसरी, केशरवानी समाज ने किया अभिनंदन

**रामानुजगंज।** नगर में शुक्रवार को केशरवानी समाज द्वारा एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष के रूप में शंकरगढ़ निवासी आशीष केसरी की नियुक्ति पर केशरवानी समाज द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर नगर के केशरवानी समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। समारोह में समाज के सचिव सत्य प्रकाश केशरी ने कहा कि यह पूरे केशरवानी समाज के लिए गौरव का क्षण है कि हमारे समाज के युवा आशीष केसरी को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि आशीष केसरी के इस दायित्व संभालने से न केवल समाज को गौरव प्राप्त हुआ है बल्कि इससे अन्य युवाओं को भी समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरणा मिलेगी। आशीष केसरी ने कहा कि गौ सेवा आयोग द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए वे अपनी पूरी ऊर्जा और समय समर्पित करेंगे। इस दौरान अरुण केसरी, संजय केसरी, संतोष केसरी, नयन केसरी, धर्म प्रकाश केशरी, मुकेश केसरी, देवेंद्र केसरी, जस्सू केसरी, नितेश केसरी सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## साई बाबा कॉलेज में मना वंदे मातरम उत्सव



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ उत्सव के रूप में मनायी गयी। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि वंदे मातरम् हमारा राष्ट्रीय गीत है जो गुलामी के दौर में आजादी का उद्घोष बन गया था। आनन्द मठ उपन्यास सन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर लिखी गयी है जिसके पात्र भवानन्द के मुख से यह गीत प्रस्तुत है। अंग्रेजों ने आदेश दिया था कि प्रत्येक कार्यक्रम के दौरान गॉड सेव द क्वीन गाना होगा। यह आदेश बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को ठीक नहीं लगा। उन्होंने बांग्ला में बंदे मातरम् की रचना की जो संस्कृत में वंदे मातरम् हो गया। इसे पहली बार रवींद्र नाथ टैगोर ने कांग्रेस के कलकत्ता अविधवेशन में गाया था। इस अवसर पर वंदे मातरम् उत्सव का सीधा प्रसारण प्राध्यापक और विद्यार्थियों ने देखा। इस दौरान विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् की शानदार प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में कलाकारों ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया।

## नेहरू वार्ड वासियों की मांग हुई पूरी, शुरू हुआ डामरीकरण



**अम्बिकापुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 25 में आज डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। डामरीकरण का कार्य वार्ड के तहसील गेट से शुरू होकर ईरानी बस्ती, पंचदेव मंदिर मार्ग होते हुए करसू तालाब से भाजपा कार्यालय तक किया जाएगा। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विद्यानंद मिश्रा, मनीष सिंह, मंगल पांडे वार्ड पार्षद किरण सिंह तोमर, प्रियंका चौबे, श्यामलाल गुप्ता ,जन्मजय पांडे, जेपी चौबे, दीपक तोमर सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्टेडियम ग्राउंड में हुआ साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम

# लालच में आकर किसी को न दें अपना अकाउंट नंबर : एसएसपी




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

पुलिस ने नगर के स्टेडियम ग्राउंड में साइबर सुरक्षा संवाद एवं यातायात जनजागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर स्कूली छात्र छात्राओं एवं आम नागरिकों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में 25 लोगों को हेलमेट वितरण किया गया वहीं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

**खास बात**
- डिजिटल अरेस्ट के झांसे में न आएं, पुलिस को दे सूचना

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने सायबर सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि लालच में आकर किसी को भी अपना अकाउंट नंबर न दें क्योंकि आज के समय में ऐसे बहुत से ठग सक्रिय हैं जो थोड़े से पैसों का लालच देकर अकाउंट खाली कर देते है। देश के विभिन्न हिस्सों में लाखों करोड़ों का अनाधिकृत लेनदेन करते हैं। जिससे अकारण आप भी उनके साथ अपराधी बन जाते हैं। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट के संबंध में कहा कि बहुत से ठग ठगी करने की नियत से पुलिस अधिकारी बनकर फोन करते हैं,उनकी फोटो में भी पुलिस अधिकारी की वर्दी दिखाई देती है। ऐसे में आम आदमी उनके झांसे में आ जाते है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी होने या इसकी आशंका होने पर वे तुरंत पुलिस को खबर करें। उन्होंने यातायात सुरक्षा को लेकर कहा कि सभी यातायात नियमों का पालन करें,नशे की स्थिति में गाड़ी न चलाए, हेलमेट का उपयोग करें तथा सावधानी पूर्वक गाड़ी चलाएं। एडिशनल एसपी संतोष महतो ने साइबर क्राइम के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए सभी को सतर्क रहने कहा। थाना प्रभारी अमित कौशिक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए साइबर क्राइम से बचने और यातायात के नियमों के पालन करने की बात कही। इस दौरान जिपं अध्यक्ष चंद्रमणि, नपं अध्यक्ष मानती सिंह, अजीत शरण सिंह,मुकेश तायल, लवकेश पैकरा, राजेश गुप्ता, आनंद शुक्ला, गिरीश पटेल, कृष्ण मुरारी शुक्ला, शिबू सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## एसएसपी ने साइबर फ्राड व ऑनलाइन ठगी से बचने के बताए उपाय

**सूरजपुर।** साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं बचाव के उपाय से अवगत कराने के लिए पुलिस ने साइबर सुरक्षा संवाद कार्यक्रम के तहत गुरुवार जरही के मनोरंजन गृह में साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, जीएम भटगांव माधव बोबडे, जिपं श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने साइबर फ्राड से बचाव के उपाए बताए तो वहीं साइबर फ्राड के पीड़ितों ने भी अपनी आपबीती शेयर कर लोगों को साइबर ठग के झांसे में न आने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा जरिया सतर्कता और सावधानी है, आपको फोन पर लोन दिलाने या लाटरी लगने के नाम पर फोन कर कोई व्यक्ति पैसा मांगता है तो वह साइबर फ्राड है। साइबर अपराधी आजकल फोन कॉल, ईमेल, व्हाट्सएप, सोशल मीडिया और फर्जी लिंक के माध्यम से लोगों की बैंक डिटेल्स, ओटीपी या निजी जानकारी हासिल कर ठगी करते हैं। उन्होंने बैंक खाते या एटीएम से जुड़ी जानकारी किसी के साथ साझा न करने और संदिग्ध कॉल या मैसेज की शिकायत तुरंत पुलिस से करने को कहा। जीएम भटगांव माधव बोबडने ने कहा किक जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा और मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाडे ने बताया कि ऐसे अभियानों को लगातार सहयोग दें ताकि हर नागरिक सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपना सके। जीएम पर्यावरण मनोज अग्रवाल, जेसीसी मेंबर विष्णु साहू ने बताया कि उन्हें भी साइबर फ्राड ठगी का शिकार बनाने की कोशिश किया किन्तु सतर्कता और सूझबूझ से वे ठग के झांसे में आने से बच गए। इस दौरान नप अध्यक्ष भटगांव परमेश्वरी राजवाड़े, नप अध्यक्ष जरही पूरन राजवाड़े, थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, रमेश गुप्ता, नंद राजवाड़े, दशरथ राजवाड़े, मनोहर राजवाड़े सहित काफी संख्या में नागरिक व स्कूली छात्र मौजूद रहे।





## पण्डो समुदाय को सामान्य वर्ग का बताकर दबंग हड़प रहे उनकी भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछड़ी जनजाति समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उदय पण्डो ने राजस्व अधिकारियों पर संभागायुक्त द्वारा दो वर्ष पूर्व जारी किए गए आदेश की अवहेलना कर संरक्षित पण्डो समुदाय के लोगों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप पण्डो समाज के लोगों को परहिया एवं भूइहार बताकर दबंगों द्वारा द्वारा उनकी पुश्तैनी भूमि हथियाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

- समाज के लोगों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

प्रदेशाध्यक्ष उदय पण्डो ने बताया कि बलरामपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत पण्डो समुदाय के लोगों की जाति परहिया, भूइहार एवं भूइयां दर्ज की गई है। दो वर्ष पूर्व संभागायुक्त ने आदेश जारी कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज परहिया, भूइहार को पण्डो जनजाति का सदस्य होने एवं उनकी भूमि के विक्रय एवं अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए थे। संभागायुक्त के कड़े निर्देश के बावजूद दबंग परहिया एवं भूइहार को सामान्य वर्ग का बताकर उनकी पुश्तैनी भूमि को हथिया रहे हैं। तहसील कार्यालयों द्वारा ऐसे मामलों में दबंगों के पक्ष में आदेश जारी किए जा रहे हैं। दबंगों द्वारा रामचंद्रपुर एवं रघुनाथनगर तहसील में 10 मामले सामने आए हैं। राजस्व अभिलेखों की इस त्रुटि के कारण पूर्व में समुदाय के लोगों की भूमि हथियाने के अनेक मामले सामने आने पर संभागायुक्त को अवगत कराया गया था। उन्होंने आदेश जारी कर इस तरह के मामलों में तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए थे। हाल ही में समुदाय के लोगों ने विशाल रैली निकालकर तहसील मुख्यालय रामचंद्रपुर में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा था। समाज के लोगों ने रघुनाथनगर में समुदाय के लोगों की भूमि हथियाने के मामले में तहसीलदार को प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है।

# सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत 140 छात्राओं को मिली साइकिल



**रामानुजनगर।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की 140 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिकाओं की शिक्षा को सशक्त बनाने का माध्यम है। इस योजना से दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में सुविधा मिलती है और वे अपनी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रख पाती हैं। विधायक ने छात्राओं से नियमित विद्यालय आने और मेहनत पूर्वक पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने विद्यालय की मरम्मत हेतु 5 लाख एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 30 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला मंत्री दीपक गुप्ता ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय ने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने का आग्रह किया। श्रीमती बीना गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे बेटियाँ आत्मनिर्भर बन सकती हैं, इसलिए अभिभावक अपनी बेटियों को स्कूल भेजने में कोताही न बरतें। इस दौरान पवन सिंह, सौभाग्य दुबे, सुमित साहू, जयप्रकाश उपाध्याय, सत्यनारायण दुबे, श्रीमती बीना गुप्ता, दीपक गुप्ता, राजेश्वर तिवारी, महादेव सिंह, विकास दुबे, अनूप दुबे, श्रीमती शोभा साहू, जेपी पाल, अभय संध्या, वीरेंद्र, विजेंद्र, राकेश, हरे कृष्णा, रामविलास, शहनाज बेगम, सीता राजवाड़े, रूप नारायण कुशवाहा, रहमान खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पोड़ी हाईस्कूल में 16 छात्राओं को वितरण की गई साइकिल

**मानीचौक।** सरस्वती साइकिल योजना के तहत पोड़ी हाईस्कूल के कक्षा 9वीं की 16 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। साइकिल मिलने से छात्राओं में उत्साह देखने को मिला। ग्राम पोड़ी हाई स्कूल में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथियों के अलावा ग्रामीण व अभिभावक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पोड़ी सरपंच खेल नंदन सिंह ने शासन की सरस्वती सायकल योजना की सराहना करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों को निःशुल्क सायकल मिल जाने से उनकी सफर की दूरी कम हो गई है। पोड़ी हाईस्कूल में शिक्षा ग्रहण करने मानी, लाइन पारा, बांधपारा, पोड़ी, जोबगा, सलका सहित आसपास पंचायत के स्कूली बच्चे विद्यालय आते है। छात्राएं लगभग तीन किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल आते है जिससे न सिर्फ छात्राओं को परेशानी होती है बल्कि समय भी काफी लगता है। लेकिन सायकल मिल जाने से स्कूल आने जाने में महज पंद्रह बीस मिनट में पहुंच जाते है। उन्होंने स्कूली बच्चों संबोधन करते हुए कहा कि कक्षा 9वीं से बड़े कक्षा की शुरुआत होती है इसलिए शुरू से ही कड़ी मेहनत करते आगे बढ़े जिससे स्कूल व ग्राम पंचायत का भी नाम रोशन हो सके। इस दौरान उप सरपंच सोन कुमारी सिंह, पंच धर्मजीत सिंह, राम कुमार, अजय सिंह, सचिव नवल साय, संस्था प्राचार्य पीबी कुजूर, शिक्षक दिनेश जायसवाल,प्रीति एक्का, निर्मला सिंह, पूर्णिमा मंजू खलखो, उमेश्वर सिंह, मनवर हुसैन अंसारी सहित पंच व अभिभावक उपस्थित रहे।



## हायर सेकेंडरी स्कूल भैयाथान के छात्राओं को वितरित की गई साइकिल



**भैयाथान।** शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैयाथान में बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने बताया कि साइकिल मिलने से छात्राएं नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकेंगी तथा बालिका शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील साहू सहित विशिष्ट अतिथियों में प्रकाश दुबे, शांतनु गोयल, सत्या दुबे, आयुष अग्रवाल, संदीप दुबे,कुमरेश दुबे एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी फुल साय मराबी,विकास खंड स्रोत समन्वयक सुरेंद्र दुबे के अलावा बड़ी संख्या में छात्राएं, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रज्जाक अंसारी व प्राचार्य लूसिया पन्ना ने आभार व्यक्त किया।

# बाल संप्रेक्षण गृह में नशा मुक्ति एवं यातायात नियम को लेकर किया गया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




पुलिस एवं जिले के स्वैच्छिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में संचालित नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह के किशोर बालकों के व्यवहार परिवर्तन के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि अतिरिक्त एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो की उपस्थिति में नशामुक्ति, यातायात, व्यवहार परिवर्तन तथा व्यक्तित्व विकास विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने कहा कि सभी बच्चों को मालूम होगा कि बाल संप्रेक्षण गृह क्यों बनाया गया है। सभी अलग-अलग कारणों से यहां पहुंचे हैं। आप सभी को आगे एक बेहतर इंसान बनना होगा। आपराधिक प्रवृत्तियों में लिप्त लोगों का अंत अच्छा नहीं होता है इसलिए सभी बीती बातों को भूलकर आगे अपने लक्ष्य को निर्धारित कर सकारात्मक हस्तक्षेप करेंगे। नवा बिहान संयोजक मंगल पाण्डेय ने नशे की लत,नशे के विभिन्न प्रकार एवं नशे के दुष्प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। नशे की लत के कारण हम अपना नियंत्रण खो देते हैं और आपराधिक गतिविधियों में फंस जाते हैं। नवा बिहान समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि किशोरों एवं युवाओं को यदि आपराधिक प्रवृत्तियों से दूर रहना है तो स्वयं से अनुशासित एवं नियंत्रित होना पड़ेगा। वरिष्ठ समाजसेवी मनोज भारती ने किशोरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग आज यहां पर हो तो आपके माता-पिता को दुःख होता होगा। मां -बाप से बढ़कर कोई आपका हितैषी नहीं है। सभी भविष्य में माता -पिता के इच्छा के अनुरूप कार्य करेंगे। उपनिरीक्षक यातायात अभय तिवारी ने यातायात के प्रावधानों को अनदेखा कर वाहन चलाने के दुष्परिणामों को आंकड़ों सहित प्रस्तुत किया। मनीष कुशवाहा द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस दौरान बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका मधुमती सिंह, वन्दना दत्ता, श्रीमती हिना खान, सुनिधि शुक्ला, श्रीमती शमा नूरी, श्रीमती आरती लकड़ा, मनरंजन साहू, अंकित गुप्ता, विरेन्द्र तिर्की सहित अन्य मौजूद रहे।

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS, BILASPUR (C.G.)
LCIT SCHOOL OF PHARMACY II LCIT COLLEGE OF PHARMACY
lcitsop.edu.in Near High Court Raipur Road, Bilaspur, Chhattisgarh lcitcop.edu.in
APPROVED BY
FOR ENQUIRY
Choose The Best
CHOOSE LCIT
ADMISSION OPEN 2025-26
PHARMACY
D. Pharmacy
B. Pharmacy
M. Pharmacy
Pharmaceutics
9340512388
"Golden opportunity for 12th pass (PCM/PCB) students: Admissions open for Diploma in Pharmacy"

2nd Phase Pharmacy College Level Online Counselling Schedule

| Course | Phase | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|---|
| B.Pharmacy, B.Pharmacy (Lateral) | Phase-II | 07/11/2025 to 10/11/2025 | 15/11/2025 | 16/11/2025 to 19/11/2025 |
| D.Pharmacy, M.Pharmacy | College Level Counseling | 21/11/2025 to 25/11/2025 | - | 01/12/2025 to 05/12/2025 |

Details of Management Quota Seats for 2025-26

| Course | No. of Management Quota Seats Available |
|---|---|
| D.Pharmacy | 09 Seats |
| B.Pharmacy | 15 Seats |
| M.Pharmacy | 01 Seat |

Best Placements in the Region
From Campus to Corporate, your journey starts here.
- 60% Overall Placement Rate
- 100% Student Satisfaction
- Library with e-journals & Digital Resources
- Placement Cell for Job Opportunities
- MOU's with Pharma Companies
- Well-equipped Laboratories
8 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE
Placement Stars of the Year
Shivaji Rao Bhonsle, Khushboo Agrawal, Saket Ruben Chand, Khushi Gupta, Neeraj Soni, Tomesh Shrivas, Nikhil Vaishnav, Sandhya Kumari, Bharti Shrivas, Kishan Barekar, Avinash Pal, Ritik Rajak, Aakash Kaushik, Prakhar Pandey, Hitendra Patel, Ritika Thakur, Bhavan Singh, Niranjan Bhagat — B. Pharmacy
Trusted Partnerships with:
Fitwel Pharmaceuticals Pvt. Ltd. Ahmedabad Gujarat II GOA- Center for Excellence in Intellectual Property, Panaji, Goa Pratham Hospital, Bilaspur II Mark Hospital Bilaspur II IMAEC Medntec Ltd. Pune II Life Care Hospital, Bilaspur Shri Govind Institute of Life Care Hospital, Bilaspur.
Admission Enquiry +91 9340512388, +91 7440217555

## खबर संक्षेप



### अभा विद्यार्थी परिषद के विस्तार अभियान के तहत विद्यालयों में नई समिति का गठन

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा चलाए जा रहे रीच टू अनरीच अभियान के अंतर्गत स्थानीय विद्यालयों में छात्र समितियों का गठन किया गया,संगठन विस्तार के इस अभियान में विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व,राष्ट्रभाव और छात्रहितों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अभियान में छात्र संगठन के नगर मंत्री प्रतेश यादव,बिट्टू भारती, प्रतीक त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे,साथ ही अमन कुमार दास एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालयों में हुए संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परिषद की विचारधारा, ज्ञान,शील और एकता से परिचित कराया गया तथा उन्हें संगठनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया,अभियान के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आगे वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुड़ने की रुचि दिखाई। संगठन विस्तार अभियान 6 से 8 नवंबर तक निरंतर चलाया गया है,जिसके माध्यम से जिले के विभिन्न हायर सेकेंडरी संस्थानों में भी छात्र संगठन का विस्तार किया गया।

### श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन



**बिश्रामपुर।** नगर के 1बी -1सी कॉलोनी रोड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति में गत दिवस समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया है,उक्त बदलाव पुरानी समिति के 3 वर्षों का कार्यकाल पूरा होने के बाद किया गया है, कोयलांचल की सक्रिय संस्था उत्कल समाज श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति गत 9 वर्षो से लगातार सूरजपुर जिले का एकमात्र रथ यात्रा आयोजन करते आ रही है,जहां तीन साल पर नई समिति के गठन सर्व समिति से किए जाने की परंपरा चलती आ रही है,इसी प्रक्रिया के तहत नई समिति का गठन किया गया है,गठित नवीन समिति में समाज के गुरुद्वारा गली निवासी सेनापति प्रधान को अध्यक्ष,प्रदीप त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष एवं सूरज सेठी को सचिव का दायित्व सर्वसम्मति से सौंपा गया है,साथ ही अशोक स्वाई,गोविंद स्वाई एवं शीतिकांत स्वाई को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। समिति में अन्य विभिन्न पदों पर संजय पंडा, ऋत्विक देहुरी, विद्याधर साहू, अलंकर नायक, रश्मि देहुरी, संतोष सेठी, प्रफुल्ल नायक, प्रमोद कहर, राजेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### तिब्बती परिवार ने स्कूलों में किया स्वेटर वितरण



**मैनपाट।** तिब्बती समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु एवं नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित दलाई लामा के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तिब्बती समाज द्वारा वर्ष 2025 को सद्भावना वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कैंप क्रमांक 6 के लोबसंग (84 वर्ष) एवं उनकी धर्मपत्नी तेनजिन (82 वर्ष) द्वारा संकुल केंद्र सरभंजा अंतर्गत संचालित विद्यालयों के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। परिवार के द्वारा प्राथमिक शाला सरभंजा के 80, प्राथमिक शाला ललेया के 39, प्राथमिक शाला सराईकिरचा के 12 बच्चों समेत कुल 131 बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया। तिब्बती समाज ने इस वर्ष को स्नेह, मानवता, परोपकार और सांझा सद्भाव के कार्यों को समर्पित करने का संकल्प लिया है। संकुल समन्वयक केके घोष ने तिब्बती समाज के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और इसे मानवीय संवेदनशीलता एवं सामाजिक एकता का उत्कृष्ट स्वरूप बताया।

## वैकल्पिक भवनों में हो रहा कॉलेजों का संचालन

# तीन साल का समय गुजरने के बावजूद आधा दर्जन कॉलेजों को नहीं मिल सकी भूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को अपने गांव के निकट उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जगह-जगह कॉलेजों की सौगात दी गई है। स्थापना के बाद से ही कॉलेजों का संचालन वैकल्पिक भवनों में किया जा रहा है। स्थापना के तीन वर्ष लम्बा समय गुजरने के बावजूद प्रशासन द्वारा कई कॉलेजों को भवन निर्माण के लिए भूमि का आवंटन नहीं किया जा सका है।

**खास बातें**
- पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित
- सुविधाओं की कमी बनी बड़ी समस्या

दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने शासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन की इस पहल से कॉलेजों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। घर के निकट कॉलेज की स्थापना होने से युवाओं को काफी लाभ मिल रहा है तथा बड़ी संख्या में युवा उच्च शिक्षा लेकर अपना भविष्य संवारने की कोशिशे कर रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में कॉलेजों की स्थापना होने के पूर्व कम आयवर्ग के युवा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण करने के बाद आगे की पढ़ाई बंद कर देते थे। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश युवा खेती-गृहस्थी का काम संभालने के साथ ही पढ़ाई करते हैं। ऐसे युवा कॉलेज की पढ़ाई के लिए शहरी क्षेत्र में रहने के लिए संसाधन नहीं जुटा पाते थे तथा 12वीं की पढ़ाई कर खेती के काम में लग जाते थे। तीन वर्ष पूर्व शासन ने सरगुजा संभाग के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में 14 शासकीय नवीन महाविद्यालयों की सौगात दी थी। शासन की स्वीकृति मिलते ही सभी कॉलेजों को वैकल्पिक भवनों में तत्काल प्रारंभ कर दिया गया। स्थापना के बाद से ही कॉलेजों की कक्षाएं नियमित संचालित हो रही हैं तथा हर साल छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। शासन द्वारा इन कॉलेजों के भवन निर्माण की भी पहल प्रारंभ कर दी गई है तथा अधिकांश कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 4.65 करोड़ की राशि भी जारी कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जिन कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है लोनिवि द्वारा उनके भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ भी कर दी गई है लेकिन अभी भी सरगुजा संभाग के ऐसे आधा दर्जन से अधिक कॉलेज हैं जिनके भवन निर्माण के लिए अभी भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण इन कॉलेजों का भवन बनने में लम्बा समय लगने की संभावना है।




हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन में संचालित कॉलेज।

**नहीं है मूलभूत सुविधाएं**

वर्तमान में सभी शासकीय नवीन महाविद्यालयों का संचालन वैकल्पिक भवनों में हो रहा है। अधिकांश महाविद्यालय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में हो रहा है जबकि कई कॉलेजों का संचालन अस्पताल, आईटीआई सहित अन्य भवनों में हो रहा है। प्रशासन द्वारा कुछ कॉलेजों को संस्था का पूरा भवन उपलब्ध कराया गया है जबकि कुछ कॉलेजों का संचालन दूसरी संस्थाओं के साथ किया जा रहा है जिससे दोनों ही संस्थाओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भवन के अभाव में शासकीय नवीन महाविद्यालय रहन रनहत एवं हाई व हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं दो सत्रों में संचालित की जा रही हैं। सुबह 11 बजे तक भवन में कॉलेज की कक्षाएं संचालित होती हैं जबकि 11 बजे से शाम 4 बजे तक हाई एवं हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं चलती है। भवन में शौचालय एवं वाशरूम की व्यवस्था नहीं होने से छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश कॉलेजों में लैब की सुविधा भी नहीं है। शासन द्वारा नवीन महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए लोनिवि को 4.65 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई वहां भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है जबकि कई कॉलेजों के लिए अभी भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है वहीं कई के लिए अभी भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया चल रही है। शासकीय नवीन महाविद्यालय रनहत के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है लेकिन आवंटन नहीं हो सका है। इसी तरह नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर, नवीन महाविद्यालय रघुनाथनगर सहित कई अन्य कॉलेजों की भूमि की आवंटन प्रक्रिया लंबित पड़ी है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में स्वीकृत नवीन संगीत महाविद्यालय के लिए अभी तक भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया भी प्रारंभ नहीं हो सकी है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में संचालित नवीन संगीत महाविद्यालय के लिए अभी तक भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो सकी है।

**चल रही है प्रक्रिया**

संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी करा रहे हैं। शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए राशि जारी कर दी गई है तथा कई जगह भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।
-डॉ.रिजवान उल्ला
अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा

# बस ने युवक को कुचला घंटों सड़क जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 अंबेडकर नगर निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

जानकारी के अनुसार राजेश्वर कुमार उम्र 29 वर्ष रात लगभग 10 बजे रेलवे स्टेशन के पास किसी कार्य से गए थे। वे सड़क किनारे पैदल मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार प्राइवेट कंपनी की बस क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 7933 जो कर्मचारियों को लेकर आ रही थी,उसी दौरान राजेश्वर को जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और युवक को टक्कर मारने के बाद करीब 100-200 मीटर तक घसीटते हुए रौंद दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। जब तक आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, तब तक राजेश्वर की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। राजेश्वर कुमार चरचा के एक यामाहा शो-रूम में कार्यरत थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले एकमात्र सदस्य थे। उनकी पत्नी और दो नन्ही बेटियां एक मात्र दो वर्ष की और दूसरी चार माह की अब असहाय स्थिति में हैं। पड़ोसियों और सहकर्मियों के अनुसार राजेश्वर मिलनसार और जिम्मेदार युवक थे। उनकी असमय मृत्यु से अंबेडकर नगर सहित पूरे चरचा क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि हादसे में शामिल एसईसीएल की बस को जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, तथा रिपोर्ट आने के बाद शासन की ओर से 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि परिजन को दी जाएगी। इसी के साथ कंपनी के अधिकारियों ने भी मृतक के परिजन को तत्काल 25 हजार रूपए देने की बात कही। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और स्थायी रोजगार देने की मांग की है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी चालक और संबंधित कंपनी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

### परिजन का फूटा आक्रोश किया सड़क जाम

दुर्घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सुबह होते ही आक्रोशित परिजन और स्थानीय नागरिकों ने चरचा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। उनका कहना था कि घटना के कई घंटे बाद तक न तो कोई अधिकारी मौके पर आए और न ही बस चालक की तत्काल गिरफ्तारी हुई। मृतक के पिता ने बताया कि हमारा बेटा चला गया, परिवार तबाह हो गया, पर न कोई एसईसीएल अधिकारी संवेदना जताने आया, न पुलिस प्रशासन ने समय पर कार्रवाई की, अब हमें केवल न्याय चाहिए। समाचार लिखे जाने तक जाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। परिजन ने मुआवजा, दोषी चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग कर रहे हैं।

**तेज रफ्तार पर लगे लगाम-** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में बसें अक्सर तेज गति से रिहायशी इलाकों में चलती हैं।




# मंडल स्तरीय एसआईआर कार्यशाला में शामिल हुए मंत्री राजवाड़े

**भैयाथान।** मंडल स्तरीय एसआईआर कार्यशाला का आयोजन मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य व मंडल प्रभारी संत सिंह की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनः निरीक्षण का कार्य नौवीं बार हो रहा है जिसमें प्रत्येक बूथ पर बूथ के साथ 5 से 6 पदाधिकारी नाम जोड़ने हटाने हेतु जानकारी एकत्रित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शांतनु गोयल ने किया व आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने किया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, शीतल गुप्ता, मार्तंड साहू, रामू गोस्वामी, राम कुमार गुप्ता, राम केवल पैकरा, सीताराम कुशवाहा, सुरेंद्र गुप्ता सहित मंडल मोर्चा के पदाधिकारी व सभी बूथों के अध्यक्ष,बीएलए 2 सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान दरीपारा निवासी धनी राम देवांगन को ट्राई साइकिल का वितरण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया जिससे दिव्यांग को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।



# डीएवी राष्ट्रीय जोनल स्तरीय खेलकूद में बिश्रामपुर के प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** डीएवी छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई, डीएवी नंदिनी माइंस,डीएवी जामुल,डीएवी बसंत विहार बिलासपुर व डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटीसेमरा जगदलपुर में विविध आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता जोनल स्तरीय आयोजित की गई।

- अलग अलग खेलों में 37 गोल्ड, 25 सिल्वर मेडल व 4 ब्रॉन्ज मेडल किया हासिल, डीएवी बिश्रामपुर के 68 प्रतिभागी छात्र छात्रायें 22 नवंबर से दिल्ली एनसीआर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

जिसमें क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य,खेल शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा,अनीता वर्मा,श्रीमती नमिता गार्गी, रामजी सिन्हा,नासिर खान,अमूल्य भोई एवं ओंकार साहू के नेतृत्व में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के 99 छात्र और 45 छात्राओं ने फुटबॉल, बैडमिंटन, जूडो, ताईक्वांडो, एथलेटिक्स, स्केटिंग एवं क्रिकेट की स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है,डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के छात्र-छात्राओं ने 37 गोल्ड मेडल, 25 सिल्वर मेडल और 4 ब्रॉन्ज मेडल अर्जित कर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया है,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के 97 डीएवी पब्लिक स्कूलों एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों को पांच कलस्टर में विभाजित किया गया है जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर को क्लस्टर-श्री में रखा गया है।ज्ञात हो कि डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई,डीएवी नंदिनी माइंस,डीएवी जामुल में 1 और 2 नवंबर को 14 वर्ष आयु,छात्र छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में जूडो में आयुष, विजय,प रांजल, शिवांगी व आराध्या ने गोल्ड मेडल, आयुषी ने सिल्वर मेडल एवं रोमा ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया है,ताईक्वांडो में प्रखर सरकार व रुद्र मिश्रा ने गोल्ड मेडल तथा उत्तम व ऐश्वर्या ने सिल्वर मेडल,स्केटिंग में भूमिका जैन ने एक गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल, आर्यन,तृशा व अंकिता ने सिल्वर मेडल, एथलेटिक्स ट्रिपल जम्प में श्रद्धा उपाध्याय गोल्ड मेडल,तवा फेंक में श्रेया सिंह ने सिल्वर मेडल,400 मीटर रिले में छात्र वर्ग में अयान, कार्तिक, आदित्य व मनीष यासब ने गोल्ड मेडल, 400 मीटर रिले छात्रा वर्ग में श्रद्धा, वर्तिका, सानिया एवं सजिया ने सिल्वर मेडल, बैडमिंटन में डीएवी बिश्रामपुर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।14 वर्ष आयु अंतर्गत स्वास्तिक केसरी एवं अथर्व मिश्रा का डीएवी राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटीसेमरा जगदलपुर में 10 से 12 अक्टूबर को 17 वर्ष आयु छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जूडो में कैफ हसन, लक्ष्य थापा, नैतिक कुमार, आयुष कुमार, अभ्युदय सिंह, विश्वजीत, श्रद्धा लकरा, अन्नपूर्णा, श्रेया मिश्रा, सोनम कुजूर ने गोल्ड मेडल,दीप्ति दुबे ने सिल्वर मेडल एवं प्राची साहू ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया। ताईक्वांडो में नितिन कोराम, अरुण नायक, शौर्य प्रताप सिंह, अदिति खाखा, पुष्पांजलि, न्यासा जायसवाल, अदिति नायक व विजयलक्ष्मी ने गोल्ड मेडल तथा पीयूष राजवाड़े, यश चौधरी, सौम्या शर्मा व अक्षिता सिंह ने सिल्वर मेडल, स्केटिंग में हार्दिक जायसवाल व कृतिका यादव ने सिल्वर मेडल, तवा फेंक में रूद्र प्रताप सिंह ने गोल्ड मेडल, 400 मीटर रेस में आर्य केसरवानी, जसमीत सिंह, पवन कुमार एवं सक्षम सिंह ने गोल्ड मेडल, 200 मीटर रेस में सक्षम सिंह ने सिल्वर मेडल तथा ट्रिपल जम्प में मान्या राजवाड़े ने सिल्वर मेडल अर्जित किया।डीएवी पब्लिक स्कूल बसंत विहार बिलासपुर में 16 और 17 अक्टूबर को 19 वर्ष आयु छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के जूडो में जसराज सिंह मान व अनुराग यादव ने गोल्ड मेडल एवं सानिया ने सिल्वर मेडल, ताईक्वांडो में यश कुमार साहू व रौनक केसी ने गोल्ड मेडल, स्केटिंग में एमडी अयान ने सिल्वर मेडल, गोला फेंक में निश्चय कुमार सागर ने गोल्ड मेडल और तवा फेंक में सिल्वर मेडल तथा फुटबॉल में विद्यालय की फुटबॉल टीम ने सिल्वर मेडल हासिल किया,ज्ञात हो कि जोनल स्तर पर विजित प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के 46 प्रतिभागी छात्र एवं 22 प्रतिभागी छात्राएं अगले चरण में दिल्ली एनसीआर में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्राचार्य अनामिका भारती ने सभी विजित प्रतिभागियों की उज्वल भविष्य की कामना की है।






# एटक श्रमिक संघ ने ठेका श्रमिकों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला उत्पादन में 75 प्रतिशत की अहम हिस्सेदारी रखने वाले ठेका श्रमिकों को दीपावली पर्व का बोनस न मिलने से एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में बड़ा आंदोलन शुरू हो गया है,संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के नेतृत्व में आक्रोशित ठेका मजदूरों ने शनिवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन पर जानबूझकर बोनस लंबित करने का गंभीर आरोप लगाया है,

- दीपावली पर्व पर ठेका श्रमिकों को बोनस राशि भुगतान न करने पर जताई नाराजगी
- श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने कम्पनी प्रबंधन पर जानबूझकर भुगतान नहीं करने का लगाया आरोप,सौंपा गया ज्ञापन



आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि कोल इंडिया प्रबंधन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद क्षेत्रीय प्रबंधन ठेका मजदूरों के बोनस भुगतान में मनमानी कर रहा है।

संघ ने दावा किया कि हड़बड़ी में गायत्री भूमिगत खदान के श्रमिकों को आधा-अधूरा बोनस दिया गया है,जबकि करीब 6.5 लाख रुपए का बोनस भुगतान अभी भी बकाया है,वहीं केतकी खदान में बोनस का भुगतान अभी तक शुरू ही नहीं हो पाया है,मुख्य वक्ता अजय विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ठेका मजदूरों को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है,उन्होंने कहा कि चेयरमैन ने स्वयं एसईसीएल का दौरा कर समय पर बोनस भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था, लेकिन क्षेत्रीय प्रबंधन न केवल देरी कर रहा है,बल्कि उच्च प्रबंधन को भी धोखे में रख रहा है,विश्वकर्मा ने ठेकेदारों द्वारा बिना भुगतान किए ही प्रबंधन से बोनस राशि का इनकैशमेंट करा लेने की शिकायतों को जांच का विषय बताया,उन्होंने स्पष्ट किया कि कोल इंडिया का निर्देश है कि 21 हजार रुपए से अधिक मासिक वेतन और 30 दिन की वार्षिक उपस्थिति वाले सभी कर्मचारियों को पीएलआई बोनस का भुगतान किया जाना चाहिए,संघ के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने प्रबंधन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 3 दिन के अंदर बिश्रामपुर क्षेत्र के सभी ठेका श्रमिकों को बोनस का भुगतान नहीं किया जाता है,तो संघ के नेतृत्व में ठेका श्रमिक क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेंगे,आंदोलन में श्रमिक संघ के धर्मजीत सिंह,मुरली सिंह, सोमार साय, आरके द्विवेदी, सजल मित्रा और सलमान खान ने भी सभा को संबोधित कर श्रमिकों के साथ एकजुटता दिखाई,धरना प्रदर्शन उपरांत संघ द्वारा प्रबंधन के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।

